हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 8 सितंबर 2025

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 गजमार पहाड़ी बनेगी इको पार्क, वित्त मंत्री ओपी ने किए 8 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन





## खबर संक्षेप

### अस्थायी पटाखा लाइसेंस के लिए आवेदन शुरू

**रायगढ़।** दीपावली पर्व 2025 के दृष्टिगत अस्थायी पटाखा लाइसेंस बनवाने के इच्छुक आवेदकों के लिए जिला प्रशासन ने आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक व्यक्ति 08 से 17 सितम्बर तक लोक सेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह आवेदन कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित लोक सेवा केंद्र से किया जा सकता है। आवेदन के लिए निम्नलिखित दस्तावेजों का होना आवश्यक है। जैसे निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड की छायाप्रति, साइट मैप नजरी नक्शा, स्वयं का एक पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, 600 रुपए का चालान 0070 अन्य प्रशासकीय सेवाएं, 60.अन्य प्राप्तियां, 103.विस्फोटक पदार्थों के लिए शीर्ष में जमा कर चालान की मूल प्रति एवं ग्राम पंचायत नगरीय प्रशासन का अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा करना होगा। लोक सेवा केंद्र से ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने के उपरांत प्राप्त पावती के साथ सभी दस्तावेज लाइसेंस शाखा कक्ष क्रमांक 33 में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### प्रयास विद्यालय को मॉडल बनाने के लिए करें कार्य

**रायगढ़।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी रायगढ़ स्थित शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को इसे मॉडल विद्यालय बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, एसडीएम रायगढ़ महेश शर्मा तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने विद्यार्थियों से विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं, पेयजल, बिजली, साफ सफाई, पाठ्य सामग्री, भोजन और सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं और पढ़ाई भी सुचारु रूप से हो रही है। वित्त मंत्री ने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने और आईआईटी, एनआईटी एवं नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं को लक्ष्य बनाकर मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि रायगढ़ का प्रयास आवासीय विद्यालय प्रदेश का मॉडल विद्यालय बने और यहां के बच्चे बड़ी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में चयनित हों यही हमारी प्राथमिकता है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालय में नियमित साफ सफाई, पौष्टिक भोजन, खेलकूद व योग की गतिविधियां, खेल सामग्री तथा सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। साथ ही विद्यालय का समय समय पर निरीक्षण करने पर भी जोर दिया। बता दे कि प्रयास आवासीय विद्यालय छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है।

### रासायनिक खाद के दुष्परिणाम बताए गए

**देवरी-सारागांव।** बम्हनीडीह ब्लॉक के चोरिया ग्राम पंचायत में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह द्वारा चलाए जा रहे 'जैविक खेती अभियान' के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. केडी महंत और किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, नवाचारी कृषक रामाधार देवांगन, कृषि वैज्ञानिक डॉ. आशीष प्रधान ने जैविक खेती की महत्ता और रासायनिक खाद के दुष्परिणाम के बारे में विस्तार से बताया। वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को कहा कि आज की जरूरत है जैविक खेती, क्योंकि फसलों में रासायनिक खाद के उपयोग से खेती भूमि के साथ रासायनिक फसलों से लोगों की सेहत पर भी असर पड़ रहा है. यहां छात्र-छात्राओं ने जैविक खेती और मिट्टी के बारे में सवाल भी पूछा।

# कूड़े में मिला कैलाश खेर और कैलाशा बैंड के नाम का प्रशस्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में आयोजित 40वें चक्रधर समारोह के समापन के बाद एक अप्रत्याशित घटना सामने आई है। कार्यक्रम स्थल के पास कूड़े में पद्मश्री गायक कैलाश खेर और उनकी कैलाशा बैंड के कलाकारों के नाम का प्रशस्ति पत्र पड़ा हुआ मिला है। यह प्रमाण पत्र समारोह के दौरान कलाकारों को सम्मान स्वरूप प्रदान किया गया था। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह प्रमाण पत्र आयोजन समिति की ओर से छोड़े गए थे, फिर कलाकारों द्वारा अनजाने में छोड़ दिए गए थे।

**खास बात**

- कला और कालाकारों के अपमान से शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म, किसकी करतूत किसी को नहीं पता





जानकारी के अनुसार चक्रधर समारोह के समापन के एक दिन बाद जब टेंट हटाए जा रहे थे तब स्थानीय युवाओं ने कुछ प्रशस्ति पत्रों को कचरे के पास पड़ा हुआ पाया। उनमें से एक पर कैलाश खेर का नाम स्पष्ट रूप से लिखा हुआ था। इन प्रशस्ति पत्रों को स्थानीय निवासी ने एकत्र कर सुरक्षित कर लिया है। स्थानीय निवासी का कहना है कि यह प्रमाण पत्र यदि वाकई सम्मान का प्रतीक हैं तो उन्हें इस तरह जमीन पर नहीं होना चाहिए था, इससे कलाकारों अपमान है। चक्रधर समारोह को लेकर इस वर्ष राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने बड़े स्तर पर तैयारियां की थीं, समापन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी मौजूद थे। कलाकारों को आमंत्रित कर उन्हें मंच से सम्मानित किया गया था। लेकिन प्रमाण पत्रों का इस तरह जमीन पर पाया जाना आयोजन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करता है। इस विषय में अभी तक आयोजकों या जिला प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## कोसमनारा के महिला-पुरूषों ने देर रात किया कोतरारोड थाने का घेराव

# गणेश विसर्जन करने गई महिलाओं पर पुलिस ने बरसाई लाठियां, एएसपी ने कहा होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरारोड थाना क्षेत्र अंतर्गत गणेश विजसर्न करने गए आदिवासी समाज के लोगों पर अचानक पुलिस पार्टी ने लाठीचार्ज कर दिया। इस घटना में महिलाएं, युवतियां, युवक सहित कई पुरूष घायल हो गए। गुस्साए लोगों ने देर रात कोतरारोड थाने का घेराव कर दिया। मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी ने उन्हें आश्वासन दिया कि मामले की जांच के बाद दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई होगी, इसके बाद ही मामला शांत हुआ।

दरअसल शनिवार की रात 11.30 बजे कोसमनारा गांव के महिला-पुरूष, युवक-युवतियां सहित बच्चे करीब 200 की संख्या में कोतरारोड थाने पहुंचे और थाने का घेराव कर दिया। इसके कुछ देर बाद ही ग्रामीण महिलाएं थाने के बाहर सड़क पर बैठ गईं और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगीं। ग्रामीणों का आरोप था कि वे शांतिपूर्ण ढंग से अपने गांव में गणेश विसर्जन करने पहुंचे थे। इसके बाद कोतरारोड पुलिस की दो गाड़ी वहां पहुंची और बिना कुछ कहें इन पर लाठीचार्ज कर दिया गया।

जिससे मौके पर भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस द्वारा यह भी नहीं सोचा गया वो जिन पर लाठियां बरसा रहे हैं उनमें बच्चियां व महिलाएं भी शामिल हैं। कुछ लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि वो आदिवासी समाज से हैं इसलिए पुलिसकर्मियों ने उनकी बर्बरतापूर्वक पिटाई की। ऐसे में वो ऐसे पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। जिस वक्त लोग थाने के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे उस वक्त थाना प्रभारी गायब हो गए। लोगों के आक्रोश को देखते हुए वो सामने नहीं आए। वहीं देर रात थाने का घेराव और लोगों द्वारा प्रदर्शन की जानकारी पाकर स्वयं एएसपी आकाश मरकाम मौके पर पहुंचे और पद्रर्शनकारियों को समझाने में जुट गए। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि दोषियों पर कार्रवाई की जाएग, इसके बाद ही मामला शांत हुआ।



ग्राम कोसमनारा के ग्रामीण कोतरारोड थाना उपस्थित हुए थे। उनका कहना था कि गणेश विसर्जन के दौरान थाने के कुछ पुलिसकर्मियों ने उनके साथ मारपीट की है। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग गइ है। जांच के बाद दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।
**आकाश मरकाम, एएसपी, रायगढ़**

### दोषी पुलिसकर्मियों को किया जाए सस्पेंड

कोसमनारा गांव के सरपंच प्रतिनिधि कमलेश डनसेना ने बताया कि ग्राम कोसमनारा के सिदार मोहल्ले में गणेश समिति द्वारा विसर्जन का कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम शांतिपूर्ण चल रहा था। विर्सजन की दूरी महज 20 मीटर थी तभी वहां कोतरारोड थाने से दो वाहन पहुंची। जिसमें सवार पुलिसकर्मी बिना किसी कुछ कहे या पूछे तुरंत लाठी चार्ज चालू कर दिए। इस दौरान महिलाओं को भी पीटा गया। यही कारण है कि वो करीब 200 की संख्या में थाने का घेराव करने पहुंचे हैं। श्री डनसेना ने कहा कि महिलाओं के उपर बिना किसी जुर्म के ऐसे लाठीचार्ज करना उचित नहीं है। उनकी प्रशासन से मांग है कि जो पुलिसकर्मी मारपीट किए हैं उन पर तत्काल कार्रवाई की जाए और उनको सस्पेंड किया जाए।

### किसी की जान चली जाती तो कौन लेता जिम्मेदारी

एक स्थानीय युवक ने बताया कि वे लोग गणेश विसर्जन करने तालाब के पास पहुंच गए थे और डीजे भी बंद कर दिया था। तभी अचानक दो पुलिस गाड़ी आई और उसमें सवार पुलिसकर्मी वाहन से उतर कर धड़ाधड़ इनको मारना शुरू कर दिए। युवक ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने सिर्फ युवकों को ही नहीं छोटी बच्चियों, मां, बहन सबको मारा है। अगर इस घटना में किसी का जान चली जाती तो उसकी जवाबदारी कौन लेता। थाने के बाहर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों की मांग थी कि वो उक्त पुलिसकर्मियों को मौके पर बुलाएं, उन्हें पूछना है कि आखिर किसके कहने पर उन्होंने इन पर लाठीचार्ज की है। एक युवक ने मारपीट कर सिंघम बन रहे पुलिसकर्मी का नाम विक्की पांडेय बताया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूल के लिपिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञातवहन की टक्कर से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोंडेकेल में पदस्थ बाबू की मौत हो गई। मृतक के भाई की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं वाहन चालक की पतासाजी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार विक्रम सिंह ठाकुर ने पुसौर थाना में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि उसका मंझला भाई श्याम सिंह ठाकुर सोंडेकेल में सहायक ग्रेड 3 के पद पदस्थ है और वह अटल आवास पुसौर में मां के साथ रहकर ड्यूटी करते आ रहा था। विक्रम ने बताया कि शनिवार की रात सवा 8 बजे उसका भाई श्याम सिंह ठाकुर घर जा रहा था। इस दौरान जब वह आरा मिल के सामने छिंच मेन रोड के पास पहुंचा ही था कि सामने की तरफ से रहे अज्ञात चारपहिया वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल अवस्था में श्याम सिंह ठाकुर को पुसौर सिविल अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया जहां प्रारंभिक इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। बहरहाल सड़क हादसे में श्याम सिंह ठाकुर की मौत हो जाने के बाद उसके भाई ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुसौर थाने में रिपोर्ट लिखाई है, जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# पीडी कॉलेज के सामने से इंजीनियर की बाइक पार

**रायगढ़।** शहर के पीडी कॉलेज के सामने खड़ी इंजीनियर की बाइक को दिन दहाड़े किसी अज्ञात चोर ने पार कर दिया है। कंपनी से काम कर वापस लौटने पर अपनी बाइक को नदारद देख उसने आसपास खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चलने पर कोतवाली थाने में एफआईआर कराया है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 42 बजरंगपारा निवासी हितेश साहू सुनील इस्पात कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। सुबह लगभग साढ़े 5 बजे वह अपनी बाइक से हमेशा की तरह कोतरा रोड पहुंच कर पीडी कालेज के सामने बाइक खड़े करते हुए बस से कंपनी चला गया था। दोपहर 3 बजे ड्यूटी करने बाद वह वापस लौटा तो कॉलेज के सामने खड़ी उसकी बाइक गायब थी।

# ऑपरेशन सिंदूर थीम पर सजेगा दक्षिण चक्रधर नगर का दुर्गा पंडाल, दिखेगा लेजर शो

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दक्षिण चक्रधर नगर अतरमुड़ा दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष अपना 55वां दुर्गा उत्सव ऐतिहासिक और भव्य रूप से मनाने जा रही है। रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में समिति ने इस वर्ष की थीम और कार्यक्रम की सारी जानकारी साझा की है।

इस बार समिति ने ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ नामक विशेष देशभक्ति थीम को चुना है, जिसके माध्यम से मां दुर्गा की शक्ति और राष्ट्र रक्षा के भाव को एक अनोखे रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन में दिल्ली के लाल किले पर होने वाले लेज़र शो की तर्ज़ पर रायगढ़ में पहली बार हाई-टेक लेज़र और डिजिटल लाइटिंग शो दिखाया जाएगा। समिति के प्रमुख राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस आयोजन के लिए लगभग 45 लाख रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। आयोजन सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि देशभक्ति और सामाजिक जागरूकता को भी बढ़ावा देगा। इस बार भी श्रद्धालुओं के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 301 रुपए निर्धारित किया गया है, जिसके साथ लकी ड्रा के ज़रिए आकर्षक इनामों की योजना भी है। प्रथम पुरस्कार टाटा पंच कार (1 विजेता), द्वितीय पुरस्कार बुलेट मोटरसाइकिल, तृतीय पुरस्कार होंडा एक्टिवा (2 विजेता), चौथा पुरस्कार होन्डा साइन बाइक (3 विजेता), पांचवां पुरस्कार एलईडी टीवी (4 विजेता), छठा पुरस्कार मोबाइल फोन (6 विजेता), सातवां पुरस्कार स्मार्ट वॉच (4 विजेता), आठवां पुरस्कार कुकर (6 विजेता), नौवां पुरस्कार टिफिन सेट (4 विजेता), दसवां पुरस्कार चांदी का सिक्का (51 विजेता)।



# पुसौर मार्ग में क्षतिग्रस्त हिस्सों को फिर से बनाने ठेकेदार को दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोड़ातराई से पुसौर होते हुए सूरजगढ़ जाने वाली सड़क का ईई पीडब्ल्यूडी अमित कश्यप ने निरीक्षण किया। इस 8.30 किमी लंबी सड़क में जल जमाव और भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के चलते करीब 600 मीटर का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। निरीक्षण के दौरान ऐसे स्पॉट को चिन्हांकित करते हुए इन हिस्सों को उखाड़कर दोबारा बनाने के निर्देश ठेकेदार को देते हुए जल्द से जल्द काम शुरू करने के लिए कहा गया।

इस बारे में जानकारी देते हुए ईई पीडब्ल्यूडी कश्यप ने बताया कि कोड़ातराई पुसौर सूरजगढ़ मार्ग जिसकी लंबाई 8.30 किमी है इसका उन्नयन किया गया था। निरीक्षण में कुछ स्थान पर मार्ग के किनारे स्थित जल भराव का निकासी नहीं होने एवं निर्माण के समय भारी वाहनों के आवागमन के कारण क्षतिग्रस्त होना पाया गया है। क्षतिग्रस्त विभिन्न भागों की कुल लंबाई लगभग 600 मी है। यह सड़क वर्तमान में ठेकेदार के परफॉर्मेंस गारण्टी के अंतर्गत है। क्षतिग्रस्त हुए भाग को ठेकेदार के स्वयं के व्यय पर उखाड़कर पुनः निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसके लिए निर्देश दिए गए हैं अन्यथा अनुबंध के प्रावधानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## एडवांसेस इन स्टील पावर एवं कन्स्ट्रक्शन टेक्नालॉजी विषय पर कार्यक्रम

# ओपीजेयू में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन

**तमनार।** ओपी जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ में 3 से 5 सितम्बर के बीच एडवांसेस इन स्टील पावर एवं कन्स्ट्रक्शन टेक्नालॉजी विषय पर आयोजित छठवां तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह वैश्विक सम्मेलन एएसएम इंटरनेशनल ईस्टर्न इंडिया चैप्टर जिंदल स्टील लिमिटेड सोहर यूनिवर्सिटी ओमान और मेट्रोपोलिया यूनिवर्सिटी ऑफ अप्लाइड साइंसेज फिनलैंड के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया।

सम्मेलन में विश्वभर से वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने भाग लिया और स्टील, ऊर्जा एवं निर्माण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपने नवीनतम अनुसंधान कार्यों को प्रस्तुत किया। सम्मेलन के चेयरमैन एवं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य शैक्षणिक जगत और उद्योग के बीच की दूरी को कम करना विचारों का आदान प्रदान करना और नवाचारों को साझा करने हेतु एक वैश्विक मंच प्रदान करना था जिसमें यह सम्मेलन पूर्णतः सफल रहा।

ओपी जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ के कुलपति एवं सम्मेलन के चेयरमैन डॉ. आरडी पाटीदार ने उद्घाटन सत्र में सभी अतिथियों विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि एडवांसेस इन स्टील, पावर एवं कन्स्ट्रक्शन टेक्नालॉजी विषय पर आधारित यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन न केवल शोधकर्ताओं और अकादमिक जगत को एक साझा मंच प्रदान करता है बल्कि उद्योग और शिक्षा के बीच सेतु निर्माण की दिशा में भी एक सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक नवाचार अनुसंधान साझेदारी और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देना है जिससे स्टील, पावर और निर्माण जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके। अपने वक्तव्य में कुलपति डॉ. पाटीदार ने जिंदल स्टील के चेयरमैन नवीन जिंदल के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके दृष्टिकोण और समर्थन से यह विश्वविद्यालय निरंतर उन्नति की ओर अग्रसर है। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती शालू जिंदल का भी हृदय से आभार व्यक्त किया, जिनकी रचनात्मक सोच, सांस्कृतिक चेतना और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता से ओपीजेयू को एक विशिष्ट पहचान मिली है। सोहर यूनिवर्सिटी ओमान से पधारे डॉ. मुस्तफा मोहसिन अल लावती ने अपने वक्तव्य में ओपी जिंदल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सम्मेलन की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन वैश्विक शिक्षा और अनुसंधान समुदाय के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि कैसे सीमाओं से परे जाकर सहयोग और नवाचार को बढ़ावा दिया जा सकता है। डॉ. अल लावती ने यह भी कहा कि सोहर यूनिवर्सिटी और ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी के बीच का शैक्षणिक सहयोग आने वाले समय में शोध छात्र आदान प्रदान और संयुक्त परियोजनाओं के रूप में और भी अधिक सशक्त होगा। कार्यकारी निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्टील, ऊर्जा और निर्माण क्षेत्र की भावी चुनौतियों का समाधान नवाचार, अनुसंधान और उद्योग शिक्षा के समन्वय से ही संभव है। उन्होंने कहा की हमारे उद्योग की आवश्यकताएं तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में अकादमिक संस्थानों की भूमिका केवल कौशल विकास तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि उन्हें इंडस्ट्री के साथ मिलकर समाधान आधारित अनुसंधान में भागीदार बनना होगा। किंग सऊद यूनिवर्सिटी, सऊदी अरब के प्रोफेसर डॉ. आसिफुल हुसैन शेख ने कहा कि आज के युग में तकनीकी प्रगति केवल एक देश या संस्था की जिम्मेदारी नहीं रह गई है बल्कि यह एक वैश्विक उत्तरदायित्व बन चुकी है। उन्होंने कहा की हम ऐसे दौर में हैं जहाँ नवाचार और अनुसंधान की ⏭ शेष पेज 2 पर





## खबर संक्षेप



### अच्छी वर्षा के लिए इंद्र देव की पूजा की गई

जशपुरनगर। रविवार को इंद्र पूजा धूमधाम और उत्साहपूर्वक मनाया गया। हर साल भादो माह की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। अच्छी वर्षा के लिए भगवान इंद्र देव का आभार जताने के लिए परंपरा के अनुसार किया जाता है। इस विशेष पूजा की शुरुआत भगवान बालाजी के डोला उठाने से होता है। पुरोहितों ने भगवान बालाजी के डोला उठने से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। इसके बाद राज परिवार के सदस्यों के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान बालाजी को जयकारे के साथ दो किलोमीटर कांधे पर इंद डीपा ले गए। यहां लकड़ी से निर्मित भगवान इंद्र की प्रतिमा की पूजा अर्चना करने के साथ प्रतिमा का दुग्ध अभिषेक किया गया। परंपरा के अनुसार भगवान इंद्र को लगभग 50 फिट ऊंचा विशाल छतरी भी ओढ़ाया गया। पूजा संपन्न होने के बाद भगवान बालाजी की प्रतिमा को वापस मंदिर में स्थापित किया गया। भगवान इंद्र का यह अनूठा पूजा जशपुरांचल में पीढ़ियों से चला आ रहा है। शहर के साथ आसपास के गांव में भी इस पूजा को धूमधाम से मनाया जाता है। जनजातीय बाहुल्य जशपुर जिले में पारंपरिक पूजा और त्यौहार को मनाने की अपनी अलग ही परंपरा है। जशपुर में आयोजित होने वाला राजसी दशहरा महोत्सव छत्तीसगढ़ का दूसरा बड़ा दशहरा उत्सव है। इस आयोजन में रियासतकालीन परंपरा और जनजातीय मान्यता का अनोखा संगम देखने को मिलता है।

### स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के लिए किया जागरूक



जशपुरनगर। परियोजना मनोरा के मनोरा सेक्टर अंतर्गत समस्त आंगनबाडी केन्द्रों में महिलाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता, प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। इस दौरान मासिक धर्म संबंधी सभी प्रकार के मिथकों से उन्हें अवगत कराया गया, किशोरी बालिकाओं की मासिक धर्म स्वच्छता के सैनिटरी पैड, आदि प्रयोग करने एवं उनके उचित निपटान करने की सलाह दी गई। उनसे चर्चा कि गई कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर चिकित्सकीय सलाह लेने से कभी ना झिझकें। इस दौरान संतुलित आहार लेने व तनाव से बचने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से मातृ एवं प्रसवकालीन स्वास्थ्य, संक्रमणों की रोकथाम व उपचार के संबंध में चर्चा की गई। इसी प्रकार एकीकृत बाल विकास परियोजना बगीचा अंतर्गत सेक्टर विमडा के ग्राम पंचायत सरडीह में मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरुकता कार्यक्रम का आज आयोजन किया गया। जिसमें सरपंच रामजीत राम भगत, वार्ड पंच ग्रामीण महिलाएं, किशोरी बालिकाएँ शामिल हुए। कार्यकम में महिलाओं को महिला सुरक्षा, महिलाओं के अधिकार, कानूनी संरक्षण, बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार करने संबंध में चर्चा की गयी। इस अवसर पर यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, मासिक धर्म संबंधित स्वच्छता चिकित्सीय सहायता परामर्श संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

## मुख्यमंत्री निवास में 11 दिन तक रहा भक्ति का माहौल

# गणेश प्रतिमा का हुआ धूमधाम से विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक मुख्यमंत्री निवास बगिया में इस वर्ष भी भगवान गणेश की प्रतिमा विराजमान रही। पूरे 11 दिन तक यहां सुबह-शाम भजन, कीर्तन, पूजा-अर्चना और आरती के साथ भक्तिमय वातावरण बना रहा।श्रद्धालुओं और आमजन की बड़ी संख्या प्रतिदिन मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर गणेश जी का आशीर्वाद लेती रही।

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शनिवार को विधिवत पूजा-अर्चना और भव्य शोभायात्रा के साथ गणपति बप्पा का विसर्जन किया गया। बगिया निवास से शोभायात्रा रवाना होकर मैनी नदी तट तक पहुंची। पूरे रास्ते भक्त ₹गणपति बप्पा मोरया₹ के जयकारे लगाते रहे। ढोल-नगाड़े, झांझ-मंजीरे और भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो गया।









### कौशल्या सपरिवार हुई शामिल

मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या एवं उनके परिवारजन भी इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्री गणेश जी की पूजा कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और कल्याण की कामना की।

### व्यवस्था रही चुस्त दुरुस्त

गणेश विसर्जन के दौरान व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही। श्रद्धालुओं ने बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ प्रतिमा को मैनी नदी में विसर्जित किया,इसके पश्चात भंडारा में सभी श्रद्धालु गण ने प्रसाद ग्रहण किया। विसर्जन कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। बगिया गांव और आसपास के क्षेत्र में 11 दिनों तक गणेशोत्सव का माहौल बना रहा।

### भक्ति और उल्लास में डूबा नगर

शनिवार को नगर का माहौल पूरी तरह गणेश भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा। नीर शाश्वत संगम समिति, पुरानी टोली द्वारा गणेशोत्सव का समापन हवन, पूजा–अर्चना और भव्य शोभायात्रा के साथ किया गया। सुबह से ही समिति परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। गणपति बाप्पा की प्रतिमा को विशेष रूप से सजाए गए वाहन पर विराजमान किया गया। महिलाएं और बच्चे पारंपरिक परिधानों में शोभायात्रा का हिस्सा बने। बुजुर्गों ने भजन और मंगलगान से वातावरण को भक्तिमय बनाया, जबकि युवाओं ने डीजे की धुनों पर नाच–गाकर माहौल को उल्लासमय कर दिया। गणपति बाप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। यात्रा के दौरान भक्तों ने एक-दूसरे को रंग–गुलाल लगाया और प्रसाद वितरण किया। इससे शोभायात्रा सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक भाईचारे का भी प्रतीक बन गई। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. लीलाम्बर सिंह, मिलिन सिंह, प्रतिक सिंह, नवनीत सिंह, सौरव सिंह,अंकित सिंह,गगन यादव, अखिलेश सिंह, तूफान सिंह, सुजीत सिंह, रमेश सिन्हा, चित्रांस मिश्रा, राममोहन मिश्रा, दीपक मिश्रा, मुरारी यादव, नितेस कंसारी, आकाश कंसारी, हर्षित नंदे, चिराग नंदे, योगेश रवानी, अनुज रवानी सहित कई युवाओं का विशेष योगदान रहा। समिति के डॉ. लीलाम्बर सिंह ने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गणेश उत्सव केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और भाईचारे का माध्यम भी है।

### भावुक कर गए विसर्जन के क्षण

शोभायात्रा पुरानी टोली से निकलकर उपर रोड, लाइब्रेरी मार्ग होते हुए देऊलबंद तालाब पहुंची। यहां मंत्रोच्चार और विधिपूर्वक पूजा के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की आंखों में जहां बिछड़ने की पीड़ा थी, वहीं अगले बरस बाप्पा के फिर आने की उम्मीद भी थी।

## होटल-ढाबों की सघन चेकिंग में जुटी जशपुर पुलिस

### चोरी और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने चला विशेष अभियान

**जशपुरनगर।** जिले में चोरी और असामाजिक गतिविधियों पर रोकथाम के लिए जशपुर पुलिस ने रविवार को व्यापक अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में होटल, लॉज, ढाबा, धर्मशाला, रैनबसेरा और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की टीमों ने सघन चेकिंग की।



अभियान के दौरान बाहर से आए संदिग्ध मुसाफिरों से पहचान पत्र दिखाने को कहा गया और उनके जिले में आने के कारणों की जानकारी ली गई। पुलिस ने होटल और लॉज संचालकों को साफ निर्देश दिए कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति को वैध पहचान पत्र और दस्तावेजों की जांच किए बिना न चोरी और आपराधिक घटनाओं में अक्सर अंतरजिला और अंतरराज्यीय गिरोह शामिल रहते हैं। ये गिरोह वारदात से पहले क्षेत्र की रेकी करते हैं और वारदात के बाद छिपने के लिए होटल, लॉज और धर्मशालाओं का सहारा लेते हैं। पुलिस की नजर अब ऐसे लोगों पर टिकी हुई है, ताकि जिले में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को रोका जा सके।

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने होटल, ढाबा और लॉज संचालकों को कड़ी चेतावनी दी कि वे अपने प्रतिष्ठानों में असामाजिक तत्वों को बैठने न दें। किसी भी हालत में शराब और अन्य मादक पदार्थों के सेवन या बिक्री की अनुमति न दें। ऐसा करते पाए जाने पर होटल संचालकों समेत संबंधित व्यक्तियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र में आने वाले बाहरी मुसाफिरों की नियमित जांच करें। उनके दस्तावेजों की सत्यता सुनिश्चित करें और मुसाफिर रजिस्टर में अनिवार्य प्रविष्टि कराएं। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की जानकारी मिलते ही तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना और अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखना है। होटल और ढाबा संचालकों को यह भी समझाइश दी गई है कि यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि उनके प्रतिष्ठानों में होती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

## गणेश विसर्जन जुलूस में बोलेरो चढ़ाने वाला गिरफ्तार



**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम जूरुडांड में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। नशे में धुत बोलेरो चालक सुखसागर दास को इलाज से उबरने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। हादसे में अब तक कुल चार लोगों की जान जा चुकी है, जबकि कई घायल अब भी इलाजरत हैं।

पुलिस के अनुसार ग्राम जूरुडांड के ग्रामीणों ने 2 सितंबर की रात परंपरा के अनुसार गणेश प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम निकाला था। रात करीब 11 बजे 100–150 ग्रामीण ढोल-नगाड़ों और डीजे पर श्रद्धा भाव से नाचते-गाते चल रहे थे। प्रतिमा के पीछे ट्रैक्टर और डीजे चल रहा था। इसी बीच ग्राम कुदमुरा, थाना नारायणपुर निवासी 32 वर्षीय सुखसागर दास बोलेरो क्रमांक सीजी 15 सीआर 1429 में नशे की हालत में वहां पहुंचा। बोलेरो चालक ने अचानक रफ्तार बढ़ाई और भीड़ में घुस गया। देखते ही देखते अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे, लेकिन तब तक तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी और कई लोग बुरी तरह घायल हो गए।

### तत्काल प्रशासन ने की व्यवस्था

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। कलेक्टर रोहित व्यास और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने भी घटनास्थल पहुंचकर हालात का जायजा लिया। घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया। बोलेरो वाहन को जब्त कर आरोपी चालक को उसी रात पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया। हालांकि गंभीर रूप से घायल होने के कारण उसे अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान एक और व्यक्ति ने दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों की संख्या चार हो गई। मृतकों के घरों में मातम छा गया है और गांव का माहौल आज भी गमगीन है।

### आरोपी ने किया अपराध स्वीकार

इलाज से ठीक होने के बाद पुलिस ने आरोपी से सख्त पूछताछ की। आरोपी सुखसागर दास ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ थाना बगीचा में बीएनएस की धारा 281, 125(ए) और 105 के तहत अपराध दर्ज किया है। बोलेरो वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।

## ग्रामीण इलाकों में लो वोल्टेज की समस्या दूर करने मुख्यमंत्री के निर्देश पर 102 ट्रांसफार्मर स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ट्रांसफार्मर की कमी जशपुर जिले में विद्युत व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या थी।गांव में ट्रांसफार्मर बिगड़ जाने से उसे बदलना मुश्किल हो जाया करता था।खासकर ग्रामीण इलाकों में ट्रांसफार्मर ना लगने लो वोल्टेज की समस्या की शिकायते भी मिल रही थी। इस समस्या से जिले को मुक्ति दिलाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले में ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित की।



जिले में विद्युत वितरण व्यवस्था को सुदृढ करने ले लिए बीते 21 माह में 102 नए ट्रांसफार्मर स्थापित किये गए हैं।विभाग के अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यु ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर ग्रामीण अंचल में सर्वे का काम जारी है। सर्वे में जहां भी ट्रांसफार्मर की आवश्यकता मिल रही है वहाँ तत्काल ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर बीते 21 माह के दौरान जिले के ग्रामीण अंचल में विद्युत वितरण व्यवस्था में आए इस क्रांतिकारी बदलाव से लोगों के जीवन में सुखद हो गईं है। जिले के हाथी प्रभावित क्षेत्र में रात के समय बिजली गुल रहने की समस्या खत्म हो गईं है। रात के समय बच्चों को पढ़ने के लिए टिमटीमाते लौ का सहारा नहीं लेना पड़ता है। सिंचाई के लिए किसानों को खेत में भरपूर बिजली मिल रही है। इससे विष्णु के सुशासन के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है।

### कुनकुरी में पांचवां उपकेंद्र होगा स्थापित

जिले में विद्युत व्यवस्था के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कुनकुरी में 400 केव्ही क्षमता वाली छत्तीसगढ़ के पांचवे उपकेंद्र स्थापित करने की मंजूरी दी है। इसके लिए तकनीकी स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी कर सरकार ने स्टेशन निर्माण के लिए बजट भी जारी कर चुकी है। जिला प्रशासन ने जमीन निर्धारण कर,आबंटन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इस उप केंद्र के बन जाने से जिलेवासियो के साथ पड़ोसी राज्यों को भी बिजली की आपूर्ति हो सकेगी।

## वित्तमंत्री ओपी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं से किया संवाद

**रायगढ़।** जिले के मेहनती वंचित युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोडऩे के लिए जिला प्रशासन की पहल पर संचालित गुरुकुल की वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रविवार को गढ़उमरिया स्थित प्रशिक्षण केंद्र में पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही 120 छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा कर उन्हें आत्मविश्वास व सकारात्मक सोच के साथ आगे बढऩे के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, एसडीएम महेश शर्मा तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



वित्तमंत्री श्री चौधरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने बचपन और शिक्षा के दौरान के संघर्षों को साझा किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता का निधन तब हो गया था जब वे मात्र 8 वर्ष के थे। उन्होंने सरकारी स्कूल से बारहवीं तक शिक्षा प्राप्त की और आगे की पढ़ाई के दौरान कई कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन धैर्य, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर सफलता अर्जित की। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढऩे के लिए कठिनाइयों का सामना करना ही पड़ता है। आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच सफलता की कुंजी है। आज जीवन में जो भी उपलब्धियां मुझे मिली हैं, वे संघर्ष और ईमानदार प्रयासों के आधार पर ही संभव हुई हैं। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि आगे नवगुरुकुल को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यहां 120 छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### ओपीजेयू में तीन...

गति बहुत तेज है। लेकिन इन नवाचारों का स्थायी प्रभाव तभी संभव है जब वैश्विक संस्थान आपस में मिलकर कार्य करें। यह सम्मेलन इसी प्रकार की अंतरराष्ट्रीय साझेदारी और ज्ञान साझाकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। डॉ. शेख ने विशेष रूप से स्टील ऊर्जा और निर्माण जैसे क्षेत्रों में सस्टेनेबिलिटी स्थिरता और नवाचार आधारित समाधानों पर बल देते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में इन क्षेत्रों में मल्टीडिसिप्लिनरी अप्रोच और इंडस्ट्री अकादमिक कोलैबोरेशन बेहद आवश्यक होगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए सीएसआईआर खनिज एवं पदार्थ प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर के निदेशक डॉ. रामानुज नारायण ने कहा कि आज की दुनिया में तकनीक आधारित समाधान, गहन अनुसंधान और व्यावसायिक नवाचार ही किसी भी देश के विकास के प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हर्ष की बात है कि ओपी जिंदल विश्वविद्यालय जैसे उदीयमान संस्थान न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं बल्कि वैश्विक स्तर के तकनीकी विमर्श और अनुसंधान मंच भी उपलब्ध करा रहे हैं। इस सम्मेलन का आयोजन इस बात का प्रमाण है कि भारत में उच्च शिक्षा का परिदृश्य तेजी से वैश्विक सोच की ओर अग्रसर हो रहा है। डॉ. नारायण ने विशेष रूप से खनिज संसाधनों, स्टील निर्माण, अक्षय ऊर्जा, हाइड्रोजन आधारित प्रौद्योगिकी और आई एमएल जैसी उभरती तकनीकों पर बल देते हुए कहा कि यह क्षेत्र केवल औद्योगिक प्रगति नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और सतत विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। शोध कार्य तभी सार्थक होते हैं जब वे उद्योग की व्यावहारिक समस्याओं को सुलझाने में सक्षम हों। इसलिए यह आवश्यक है कि शैक्षणिक संस्थान और औद्योगिक क्षेत्र मिलकर काम करें और एक दूसरे की जरूरतों को समझें। उद्घाटन समारोह के अवसर पर सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन मुख्य अतिथि तथा अन्य विशिष्ट अतिथिगण द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सम्मेलन के संयोजक डॉ. एम कल्याण फनी ने सभी उपस्थित अतिथियों, वक्ताओं, प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय कुमार सिंह, प्राध्यापक, मानविकी विभाग द्वारा किया गया।

## 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

# दुर्ग संभाग बना ओवर ऑल चैंपियन, तीन वर्गों में जीता खिताब

जशपुरनगर। 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम जशपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के पांचों संभागों से आए खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल से सभी को रोमांचित किया। प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग की टीम आल ओवर चैंपियन रही।

इस टीम ने बालक 15 और 17 आयुवर्ग एवं बालिका 17 आयुवर्ग में विजेता होने का गौरव हासिल किया। समापन समारोह की शुरुआत जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, कोच एवं खेल प्रेमियों का हार्दिक स्वागत करते हुए प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समापन अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक एवं सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत सहित अन्य अतिथिगण, विभिन्न संभागों के



जनरल मैनेजर एवं आयोजन में सहयोगी विभागों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अंत में मुख्य अतिथि के द्वारा विधिवत तरीके से खेल ध्वज को अवतरण कर संवहन करने के उपरांत प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी समीर बड़ा को समर्पित किया। इसके पश्चात उन्होंने प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक श्रीमती गोमती साय ने विजेता टीमों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का यहां पर आकर अपनी खेल प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर जशपुर की धरती ने सदैव उत्कृष्ट खिलाड़ियों को जन्म दिया है।

यहां के खिलाड़ियों ने हॉकी सहित अन्य खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। श्रीमती साय ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएँ युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का सुनहरा अवसर प्रदान करती हैं इन प्रतियोगियों से निकले खिलाड़ी कल भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते है। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को यहां आकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रतियोगिता खिलाड़ी को नया अनुभव देती है जिससे वह अपनी कमियों को दूर कर और अधिक निखरता है। यही अनुभव आगे चलकर उसे बेहतर खिलाड़ी बनाता है और वह देश तथा प्रदेश का मान बढ़ाता है। इस अवसर पर एसडीएम विश्वास राव मस्के, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, शारदा प्रधान, मुकेश सोनी, विष्णु सोनी, दीपक गुप्ता, आशुतोष राय, राजा सोनी, राहुल गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

### दुर्ग संभाग की टीम रही आल ओवर चैंपियन

पूरे प्रतियोगिता में 240 खिलाड़ी और 35 से अधिक कोच और मैनेजर शामिल रहे। कुल 30 मैच आयोजित किए गए।15 आयुवर्ग बालक वर्ग में दुर्ग संभाग की टीम विजेता रही। सरगुजा संभाग की टीम उपविजेता बनी, जबकि बिलासपुर संभाग की टीम तीसरे स्थान पर रही। इसी तरह 17 आयुवर्ग बालक वर्ग में भी दुर्ग संभाग की टीम विजेता रही। सरगुजा संभाग की टीम उपविजेता, जबकि रायपुर संभाग की टीम तीसरे स्थान पर रही। 17 आयुवर्ग बालिका वर्ग में भी दुर्ग संभाग की टीम विजेता रही। बस्तर संभाग की टीम उपविजेता और बिलासपुर संभाग की टीम तीसरे स्थान पर रही।


## रायगढ़ प्रेस क्लब भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त, पत्रकारों में हर्ष



**रायगढ़।** रायगढ़ प्रेस क्लब के नये भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने से प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में हर्ष व्याप्त है। रायगढ़ के विधायक व प्रदेश के संवेदनशील वित्त मंत्री ओपी चौधरी की सार्थक पहल के कारण प्रेस क्लब रायगढ़ के भवन निर्माण हेतु भूमि आबंटन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गई है। आबंटित भूखण्ड की विधिवत रजिस्ट्री हो चुकी है।

रायगढ़ प्रेस क्लब भवन के लिए आबंटित भूखंड की रजिस्ट्री का दस्तावेज वित्त मंत्री श्री चौधरी ने प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं सचिव को सौंपा। इसी क्रम में रायगढ़ स्थित वित्त मंत्री निवास में श्री चौधरी को प्रेस क्लब अध्यक्ष हेमन्त थवाईत, सचिव नवीन शर्मा एवं उपाध्यक्ष राजेश जैन ने प्रेस क्लब की ओर से कृतज्ञता पत्र सौंप कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब प्रतिनिधि मंडल के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश जैन की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

रायगढ़ में पूर्ण सुविधा युक्त प्रेस क्लब भवन की मांग लंबे अर्से से की जा रही थी। रायगढ़ प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी गठित होने के साथ ही प्रेस क्लब अध्यक्ष हेमंत थवाईत के नेतृत्व में प्रेस क्लब भवन का निर्माण कराने का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रेस क्लब की बैठक में पारित प्रस्ताव में यह संकल्प लिया गया है जल्द से जल्द पूर्ण सुविधा युक्त प्रेस क्लब भवन निर्माण के लिए शासन से भूमि आबंटन की मांग की जाए।



# 'अवतारः द वे ऑफ..' सिनेमाघरों में दोबारा हो रही रिलीज...

**मुंबई।** जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी फिल्म 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' 16 दिसंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। सैम वर्थिंगटन, जो सलदाना और सिगोरनी वीवर की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म को काफी पसंद किया गया था और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने कई कीर्तिमान हासिल किए। अब करीब 3 साल बाद फिल्म 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' को 2 अक्टूबर, को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। बता दें कि दुनियाभर में लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी 'अवतार' की तीसरी किस्त का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है।

लाइफ Style



# शनाया

## 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में करेंगी डबल धमाका

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शनाया के साथ 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में अलाया एफ भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। मुख्य अभिनेता के लिए कास्टिंग फिलहाल चल रही है। रीमा माया ने इस सीरीज के निर्देशन की कमान संभाली है।


संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर ने फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। हालांकि, उनकी पहली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी। आने वाले समय में शनाया एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगी। अब संजय की बेटी ओटीटी की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं। शनाया जल्द ही करण जौहर की वेब सीरीज 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, शनाया सीरीज 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में डबल रोल से डबल धमाका करने वाली हैं। सीरीज पर काम काफी समय से चल रहा है। करण ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से वरुण धवन, आलिया भट्ट और सिद्धार्थ मल्होत्रा को बॉलीवुड में लॉन्च किया था। शनाया के साथ 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में अलाया एफ भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। मुख्य अभिनेता के लिए कास्टिंग फिलहाल चल रही है। रीमा माया ने इस सीरीज के निर्देशन की कमान संभाली है। यह जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। हालांकि, अभी इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। बता दें कि शनाया जल्द ही 'वृषभ' में नजर आएंगी, जिसके हीरो सुपरस्टार मोहनलाल हैं।

हॉलीवुड मसाला




# विद्युत का हॉलीवुड में डेब्यू

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल इन दिनों अपनी अपकमिंग हॉलीवुड फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और आधिकारिक तौर से विद्युत जामवाल इस फिल्म से जुड़ चुके हैं। मशहूर वीडियो गेम फ्रेंचाइजी पर आधारित इस फिल्म में कई मशहूर हॉलीवुड सितारों सहित एक बड़ी टीम शामिल है। पैरामाउंट पिक्चर्स के प्रोडक्शन हाउस ने पोस्ट में लिखा 'अखाड़े में राज बहुत देर तक राज नहीं रहते।



# सनी विक्रमादित्य के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** पिछली बार अनन्या पांडे के साथ फिल्म 'सीटीआरएल' लेकर आए निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी अब एक नई वेब सीरज लेकर आ रहे हैं। खास बात ये है कि उन्होंने अपने नए प्रोजेक्ट के लिए अभिनेत्री सनी लियोनी से हाथ मिलाया है। दोनों मिलकर एक वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं, जो एक सच्ची कहानी पर आधारित होगी। सनी न सिर्फ इस सीरीज को विक्रमादित्य के साथ मिलकर बना रही हैं, बल्कि इसमें मुख्य भूमिका भी खुद ही निभाएंगी। सनी ने इस पर कहा, मैं इस सहयोग को लेकर बेहद उत्साहित हूं। यह बायोपिक एक ऐसी कहानी पर आधारित है जिसने मुझे वास्तव में बहुत प्रेरित किया है और मैं इसे लेकर दर्शकों की प्रतिक्रिया का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। वेब सीरीज की कहानी से जुड़ी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।



# 'डॉन-3' की तैयारी, अब अमिताभ की बारी

**मुंबई।** रणवीर सिंह एक ओर जहां आदित्य धर के निर्देशन में बन रही फिल्म 'धुरंधर' को लेकर चर्चा में हैं, वहीं उनकी फिल्म 'डॉन 3' भी आने वाली है। इस फिल्म से जुड़े आए दिन नए-नए अपडेट सामने आ रहे हैं। अब इससे जुड़ी ऐसी रोचक जानकारी सामने आई है, जिसके बाद इसे लेकर दर्शकों का उत्साह दोगुना हो जाएगा। दरअसल, खबर है कि फिल्म में शाहरुख खान के बाद अब अमिताभ बच्चन की एंट्री भी हो गई है। फिल्म में शाहरुख के कैमियो पर तो चर्चा पहले ही हो रही थी और अब ताजा अपडेट ये है कि बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन भी इससे जुड़ गए हैं। बता दें कि पर्दे पर पहली बार डॉन अमिताभ ही बने थे। फिर फरहान अख्तर उनकी कालजयी फिल्म 'डॉन' का रीमेक लेकर आए और शाहरुख को नया डॉन बनाया।



# पॉपुलर म्यूजिक कंपोजर रिकी केज ने भारत का बढ़ाया मान

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर म्यूजिक कंपोजर रिकी केज ने भारत का नाम तो रोशन किया ही है साथ ही उन्होंने अब पापुआ न्यू गिनी देश का नाम भी रोशन कर दिया है, उनकी वजह से इस देश को पहली बार ऑस्कर्स में एंट्री मिली है। पापा बूका के बैकग्राउंड स्कोर के लिए ऑस्कर्स नॉमिनेशन पाने के बाद रिकी ने रिएक्ट भी किया है। 3 बार जीतने वाले भारतीय मूल के म्यूजिक कंपोजर ने अब इस देश का बढ़ाया मान। फेमस म्यूजिशियन रिकी केज की दुनिया दीवानी है। अपने संगीत से उन्होंने ना सिर्फ सीमाएं तोड़ी हैं बल्कि उन्होंने संगीत के जरिए ही पूरी दुनिया को जोड़ने की कोशिश की है। रिकी भारतीय मूल के हैं और वे अमेरिका में रहते हैं। इसके अलावा अब उन्होंने कुछ ऐसा किया है जिससे पापुआ न्यू गिनी नाम के देश का मान बढ़ गया है।

टीवी मसाला



# 12वें सवाल का पूजा के कड़क जवाब से बिग बी भी हुए इंप्रेस

**मुंबई।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के 5 सितंबर के एपिसोड की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट कुमारी पूजा के साथ हुई, जिन्हें पढ़ने-लिखने का बहुत शौक है। वे पैसों की तंगी की वजह से पीएचडी नहीं कर पाईं, जिसे जानने के बाद अमिताभ बच्चन भी दुखी हुए। वे 2 लाख रुपये जीत चुकी थीं। उनके पास एक लाइफ लाइन बची थी। खेल की शुरुआत 9वें सवाल के साथ होती है। 3 लाख रुपये का 9वां सवाल रहा इनमें से कौन सा शब्द ग्रेट हिमालय के लिए प्रयोग किया जाता है, जो हिमालय बनाने वाली पर्वतमालाओं में सबसे ऊंची और सबसे उत्तरी पर्वतमाला है? विकल्प हैं- हिमाचल, शिवालिक, कुनलुन, हिमाद्रि।

कंटेस्टेंट पूजा ने जवाब के तौर पर विकल्प डी. हिमाद्रि को चुना, जो सही साबित हुआ। उन्होंने 5 लाख रुपये के 10वें सवाल का सही जवाब दिया। सुपर संदूक राउंड में कुमारी पूजा ने 8 सवालों के सही जवाब दिए, जिससे उन्होंने ऑडियंस पोल को जिंदा कर लिया। उन्होंने 11वें सवाल पर ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया।

सवाल है- भारत के प्रथम नारीवादी ग्रंथों में से एक मानी जाने वाली 1882 की 'स्त्री पुरुष तुलना' किसने लिखी थी? विकल्प हैं- ए. ताराबाई शिंदे, बी. रमाबाई रानाडे, सी. पंडिता रमाबाई, डी. सावित्रीबाई फुले।

कंटेस्टेंट पूजा ने ऑडियंस के साथ जाते हुए विकल्प बी. ताराबाई शिंदे को चुना, जो सही साबित हुआ। 12.50 लाख रुपये के 12वें सवाल पर पूजा दुविधा में थीं, लेकिन रिस्क उठाकर गेम खेला। सवाल था- 'इनमें से किस जीव को 2025 में विलुप्ति से वापस लाए जाने का दावा किया गया था?' विकल्प हैं- ए. टाई रैनोसॉरस रेक्स, बी. तस्मानियाई बाघ, सी. डोडो, डी. डायर-वुल्फ।

पूजा ने विकल्प डी. डायर-वुल्फ को चुना और 12.50 लाख जीतने में सफल रहीं। उन्होंने 25 लाख के सवाल पर गेम क्विट कर दिया।

कंटेस्टेंट से सवाल-जवाब के अलावा अमिताभ बच्चन क्विज शो में अपनी जिंदगी से जुड़े किस्से भी दर्शकों को सुनाते रहे हैं। उन्होंने पिछले एपिसोड में एक कंटेस्टेंट के सवाल पर अपने घर के माहौल के बारे में बताया। वे बोले, 'हमारे घर का माहौल सामान्य था। बच्चों की देख-रेख जया करेंगी और हम जाएंगे काम पर। उन्होंने सब कुछ देखा है। हमारे मन में एक क्लेश रहा है कि हम बच्चों के साथ ज्यादा वक्त नहीं बिता पाए। जब हम सुबह निकल रहे होते, तो वह सो रहे होते। घर आता, तो वह सोते हुए मिलते। हमें लगता कि काश हम भी अभिषेक-श्वेता के साथ वक्त बिता सकते। फिर यह तय हुआ कि आप इतवार को काम नहीं करेंगे।

# कार्तिक-अनन्या ने 'जुम्मा चुम्मा दे दे' पर किया डांस



**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन जल्द ही फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में नजर आएंगे। इसमें उनकी जोड़ी अनन्या पांडे के साथ बनी है। समीर विद्वांस के निर्देशन में बन रही इस रोमांटिक फिल्म की शूटिंग खत्म हो गई है। करण जौहर इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। अब इस बीच अनन्या और कार्तिक का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों को 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गाने पर थिरकते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में अनन्या और कार्तिक को साथ में साल 1991 में आई फिल्म 'हम' के सुपरहिट गाने 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गाने में नाचते हुए देखा जा सकता है। इस गाने को असल में अमिताभ बच्चन और किमी काटकर पर फिल्माया गया था। 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' की बात करें तो इस फिल्म को अगले साल वैलेंटाइन डे के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म 13 फरवरी, 2026 को दर्शकों के बीच आएगी।

# टाइगर श्रॉफ से लेकर संजय दत्त तक 'बागी 4' के लिए किसने ली कितनी फीस?

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बागी 4' आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म में संजय दत्त, हरनाज संधू और सोनम बाजवा भी अपनी अदाकारी का तड़का लगा रहे है। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों से बढ़िया प्रतिक्रिया मिली है और देखना होगा कि यह पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करती है। आइए जानते हैं 'बागी 4' के लिए किस कलाकार ने कितनी फीस ली है।

***टाइगर को मिले 20 करोड़ रुपए :*** 'बागी 4' का बजट 70 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस फिल्म के लिए निर्माताओं से टाइगर 20 करोड़ रुपये चार्ज कर रहे हैं। वह एक बार फिर रॉनी के किरदार में दिख रहे हैं। फिल्म में उनका धाकड़ अवतार देखने को मिल रहा है। कहा जा रहा है कि संजय को इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में अभिनय करने के लिए 5.5 करोड़ रुपये मिल रहे हैं। संजय फिल्म में खूंखार खलनायक की भूमिका में दिख रहे हैं।



### *अन्य कलाकारों की फीस*

*'बागी 4' में टाइगर की जोड़ी हरनाज के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म के लिए हरनाज को 1 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। सोनम ने भी फिल्म के लिए 1 करोड़ रुपये की फीस ली है। श्रेयस तलपड़े को इस फिल्म के लिए 1 करोड़ रुपये और सौरभ सचदेवा को 50 लाख रुपये दिए गए हैं।*

## 'ऑफिसर ऑन ड्यूटी' सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का खिताब हासिल किया था

# 'लोकाह' से पहले इन मलयालम फिल्मों ने की ताबड़तोड़ कमाई

***मुंबई।*** *इन दिनों सिनेमाघरों में इस समय 'कुली', 'हृदयपूर्वम' और 'लोका चैप्टर 1', 3 चर्चित फिल्में मौजूद हैं। हालांकि, मोहनलाल और रजनीकांत जैसे सितारों के बीच प्रियदर्शन की बेटी कल्याणी प्रियदर्शन की कम बजट में बनी फिल्म 'लोकाह चैप्टर 1' बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाल कर रही है। इस सुपरहीरो मलयालम फिल्म के धमाकेदार प्रदर्शन के बीच आइए जानें मलयालम सिनेमा की कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में, जिन्होंने कम बजट में बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की।*

### 'मंजुम्मेल बॉयज'

सच्ची घटना पर आधारित मलयालम फिल्म 'मंजुम्मेल बॉयज' का भी बॉक्स ऑफिस पर खूब बोलबाला रहा। फरवरी 2024 यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर हंगामा मचाना शुरू कर दिया था। फिल्म में सौबिन शाहिर और श्रीनाथ भासी जैसे कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई। 20 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने भारत में 141 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर देखी जा सकती है।

### 'दृश्यम'

साल 2013 में आई मलयालम फिल्म 'दृश्यम' ने न केवल मलयालम सिनेमा बल्कि पूरे भारतीय बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। फिल्म में मोहनलाल लीड रोल में नजर आए थे।

जियो हॉटस्टार और यूट्यूब पर मौजूद इस फिल्म ने कई बड़े रिकॉर्ड बनाए। 5 करोड़ रुपये की लागत वाली इस फिल्म की कमाई 75 करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस जबरदस्त सफलता के बाद इसी नाम से बॉलीवुड में इसका रीमेक बना, जिसके हीरो अजय देवगन थे।



### 'आवेशम' और 'प्रेमलु'

मलयालम एक्शन कॉमेडी फिल्म 'आवेशम' का निर्माण फहाद फासिल ने किया था और इसके हीरो भी वो खुद ही थे। 'आवेशम' का बजट लगभग 30 करोड़ रुपये था और इसने बॉक्स ऑफिस पर 156 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। अमेजन प्राइम वीडियो और जियो हॉटस्टार पर यह फिल्म मौजूद है। दूसरी ओर 3 करोड़ रुपये के बजट में बनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'प्रेमलु' ने 136 करोड़ रुपये कमाए थे। ये फिल्म जियो हॉटस्टार पर है।

### 'ऑफिसर ऑन ड्यूटी'

मलायलम थ्रिलर फिल्म 'ऑफिसर ऑन ड्यूटी' ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी। फिल्म के हर मोड़ पर खतरनाक ट्विस्ट देखकर दर्शकों की आंखें खुली रह गई थीं। कुंचाको बोबन, प्रियामणि और ऐश्वर्या राज ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। मात्र 10 से 12 करोड़ रुपये के बजट में बनने वाली इस फिल्म ने 55 करोड़ रुपये की कमाई कर केरल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का खिताब हासिल किया था। नेटफ्लिक्स पर ये फिल्म मौजूद है।

खबर संक्षेप



## जिले के उत्कृष्ट शिक्षकों का किया गया सम्मान

**रायगढ़।** श्री कन्हैया लाल गुप्ता की स्मृति में उनके जयंती 6 सितंबर के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन उनके कर्मभूमि शासकीय प्राथमिक विद्यालय चारमार के प्रांगण किया गया। इस आयोजन में शिक्षक सम्मान समिति ने प्रत्येक विकास खण्ड से अपने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभावान शिक्षकों को सम्मानित किया। समारोह के गरिमा श्रीमती निद्रावती राधेश्याम राठिया, अनिल कुमार पैंकरा डाइट प्राचार्य धर्मजयगढ़, जोगी राम आर्य प्रधान छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा दुर्ग, डॉ रामकुमार पटेल प्रांतीय संचालक छत्तीसगढ़ आर्य वीर दल एवं विशिष्ट समाजसेवी, एस आर सिदार विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी धरमजयगढ़ संतोष कुमार सिंह विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी घरघोड़ा, घनश्याम गुप्ता वरिष्ठ समाजसेवी नवापारा टेंडा मुकुत राम गुप्ता वरिष्ठ भाजपा नेता, एल पी तानडे प्राचार्य हाई स्कूल बोजिया, परमानंद पटेल प्राचार्य हायर सेकंडरी स्कूल पुसलदा भोलेश्वर राठिया सरपंच कटाईपाली सीए श्रीकान्त राठिया सरपंच छर्राटागर आदि अतिथि गण सहित ग्राम के वरिष्ठ जन मंचस्थ थे। इस अवसर पर बरमकेला विकास खण्ड से दिनेश कुमार मिरि सहायक शिक्षकए वेदराम पटेल प्रधानपाठक, धरमजयगढ़ विकास खण्ड से अनिल कुमार गबेल व्याख्याता डाइट, विजय कुमार गुप्ता व्याख्याता, राजेंद्र कुमार राठिया अभ्यास शाला, नीलांबर प्रसाद वैष्णव प्रधान पाठक, घरघोड़ा विकास खण्ड से अखिलेश मिश्रा प्रधान पाठक, लिंगराज बेहरा शिक्षक, लवगलता खूंटे प्रधान पाठक, खरसिया विकास खण्ड से श्रीमती अर्चना राठौर सहायक शिक्षक, द्वारका प्रसाद साहू व्याख्याता, तमनार विकास खण्ड से श्रीमती विजया पंडा व्याख्याता, युगेन्द्र कुमार चौधरी सहायक शिक्षक, कमलेश कुमार देवता सहायक शिक्षक लैलूंगा विकास खण्ड से श्रीमती संत डहरिया व्याख्याता, श्रीमती दीप्ति रानी पटनायक, पुसौर विकास खण्ड से श्रीमती ओम कुमारी पटेल सहायक शिक्षक, श्रीमती आरती साहू, सहायक शिक्षक, रायगढ़ विकास खण्ड से संतोष कुमार पटेल सहायक शिक्षक, रामप्रसाद बेहरा प्रधान पाठक, सुबल कुमार प्रधान सहायक शिक्षक, सारंगढ़ से श्रीमती नैना साहनी प्रधान पाठक, राजीव नयन पटेल सहायक शिक्षक, राजेश कुमार पटेल सहायक शिक्षक, जिला सक्ती डभरा से मुकेश कुमार साहू व्याख्याता, श्रीमती दुर्गा साहू सहायक शिक्षक को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र, शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। आयोजन में कान्हु राम गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, सुरेन्द्र पटनायक, श्रीमती सुभाषिनी पटनायक अच्युतानंद भोय, अश्विनी गुप्ता, नीलकंठ गुप्ता, चुलेस्वर भोय, श्रीमती गौरी गुप्ता, राजेश बेहरा, चूड़ामणि राठौर, पंकज पटनायक, मनोज कुमार गुप्ता बीआरसी, भुनेश्वर पटेल सीएससी निरंजन पटेल आदि का सम्मान किया गया।

### योगाभ्यास, खेलकूद, वॉच टॉवर, जैसी सुविधाओं से पर्यटकों को मिलेगा नया अनुभव

# गजमार पहाड़ी बनेगी इको पार्क, वित्त मंत्री ओपी ने किए 8 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक और आस्था का केंद्र गजमार पहाड़ी स्थित हनुमान धाम अब आधुनिक स्वरूप में इको पार्क और इको टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित होगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज 8 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने पूजा अर्चना कर पवनसुत हनुमान से प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस प्रोजेक्ट के तहत गजमार पहाड़ी पर योग प्लेटफॉर्म, वॉच टॉवर, पाँच पगोड़ा, बच्चों के लिए खेल परिसर, कैंटीन और इको पार्क जैसी सुविधाएँ विकसित की जाएंगी।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि यह कार्य केवल धार्मिक स्थल का जीर्णोद्धार ही नहीं बल्कि रायगढ़ के सांस्कृतिक, सामाजिक और पर्यटन विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि गजमार पहाड़ी रायगढ़ की शान है। यह स्थल शहर के बीच इतनी ऊँचाई और प्राकृतिक सौंदर्य के साथ बहुत कम जगहों पर देखने को मिलता है। इसके विकास से रायगढ़ पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान बनाएगा। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि हमारा लगातार प्रयास है कि आपके जीवन में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, रोजगार और पर्यटन की सुविधाओं से सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। उन्होंने बताया कि रायगढ़ जिले में युवा बहनों के लिए नवगुरुकुल योजना शुरू की है। इसमें प्रवेश लेकर छात्र दो वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त कर स्किल डेवलप कर सकते हैं। जिससे उन्हें अच्छा रोजगार मिले। उन्होंने युवाओं से इस योजना का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।





**पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोपरि**

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि गजमार पहाड़ी के विकास कार्य पूरी ईमानदारी और गुणवत्ता से किए जाएंगे। उन्होंने जनसहयोग से हनुमान की भव्य मूर्ति निर्माण की भी घोषणा की और व्यक्तिगत रूप से 5 लाख रुपए का योगदान देने का संकल्प लिया। साथ ही बाल समुन्द तालाब का सौंदर्यीकरण, सड़क निर्माण, पार्किंग सुविधा और रिंग रोड जैसे प्रस्तावित कार्यों की भी जानकारी दी। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान स्वयं अपने हाथों से भक्तजनों को प्रसाद वितरण भी किया।

**जनसुविधा की दृष्टि से महत्वपूर्ण पहल**

रायगढ़ नगर निगम के महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि लंबे समय से लोगों की मांग थी कि पहाड़ मंदिर का जीर्णोद्धार हो जिसका शुभारंभ वित्त मंत्री चौधरी के प्रयासों से आज संभव हो पाया है। महापौर ने कहा कि रायगढ़ में स्वास्थ्य, खेल, शिक्षा और संगीत सहित हर क्षेत्र में विकास की सौगात मिल रही है। उन्होंने इको पार्क विकास को स्थानीय जनसुविधा की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

**पहाड़ी को दिया जाएगा नया स्वरूप**

गजमार पहाड़ी मंदिर विकास योजना की जानकारी देते हुए डीएफओ अरविंद पीएम ने कहा कि विभागीय मार्गदर्शन और सुव्यवस्थित योजना के तहत पहाड़ी को नया स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु एवं पर्यटक आसानी से ऊपर तक पहुंच सकें, इसके लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। साथ ही पहाड़ी की चोटी पर वॉच टॉवर, योगा प्लेटफॉर्म, कैंटीन, इको पार्क, बच्चों के लिए खेल स्थल तथा पांच पगोड़ा का निर्माण किया जाएगा।

**मौके पर ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर सभापति डिग्रीलाल साहू, कौशलेष मिश्रा, पार्षद मुक्तिनाथ बबुआ, अमित शर्मा, दीपक डोरा, दिबेश सोलंकी, नेहा देवांगन, मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर, प्रभात मिश्रा, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित प्रशासनिक अधिकारी, बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## कोसीर अंचल सहित जिले में खाद की क़िल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

कोसीर अंचल सहित जिले में यूरिया खाद की किल्लत चल रही है। सोसाइटियों में खाद की उपलब्धता नहीं होने से व्यापारियों की मौज हो गई है। 268 रुपए का खाद दुकानों में अवैध रूप से 1000 और से उससे अधिक दामों में बेचा जा रहा है। जिससे किसानों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल छतीसगढ को धान का कटोरा कहा जाता है। वो इसलिए क्योंकि छतीसगढ़ की भूमि में धान की फसल अत्यधिक मात्रा मे की जाती है और उपज भी जोरदार होता है, जिससे ये अनुमान लगाया जा सकता है कि छत्तीसगढ़ के अधिकतर लोग कृषि कार्य में ही आधारित व निर्भर हैं। कोसीर अंचल सहित जिला भर के किसान खेती कार्य मे पूरी तरह से व्यस्त नजर आ रहे हैं। अच्छी फसल हो इसके लिए तरह तरह के हथकंडे अपनाने में कोई कसर नहीं छोड रहे हैं। कर्ज लेकर भी किसान खेती कार्य में पूरी जोर देकर अच्छा फसल के लिए दिन प्रतिदिन मेहनत कर रहे हैं। ऐसी स्थिति मे किसानो के लिए वरदान समझने वाले यूरिया खाद नही मिल पा रहा है, जोकि बहुत बडी समस्या बन गई है। किसानो के लिए और बात कोसीर क्षेत्र का ही नहीं बल्कि ये समस्या पूरे प्रदेश में बनकर सामने आ गया है। फिलहाल सारंगढ़ विलाईगढ़ जिले में तो यूरिया खाद की क़िल्लत को लेकर किसान भारी हद तक परेशान नजर आ रहे हैं। जबकि अभी किसानों को खाद की विशेष जरूरत है। गांव-गांव जाकर कुछ किनासों से चर्चा करने पर बताया कि यूरिया खाद की क़िल्लत भारी जोरो से चल रही है। शासन किसानो के प्रति ध्यान नही दे रहा है। सोसायटी मे प्रयाप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रहा है। जिसके वजह से जिला के किसान खाद को लेकर काफी परेशान हैं। इधर खाद की कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों को आसानी से खाद मिल रहा है। जिसे वो मनमानी ढंग से तीन गुना दाम पर बेचकर किसानो की जेब ढीली कर अपनी जेब गरम करने मे लगे हैं।

- 268 का खाद दुकानों में अवैध रूप से 1000 रुपए में बिक रहा

## शिक्षक दिवस पर जिले के 150 शिक्षकों का शाखा सारंगढ़ ने किया सम्मान

**कोसीर।** पूरा देश 5 सितंबर को हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय स्टेट बैंक शाखा सारंगढ़ परिवार के द्वारा जिला मुख्यालय सारंगढ़ में जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीनों विकासखंड के 150 शिक्षकों का साल, श्रीफल पेन व गिफ्ट देकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम अतिथि सम्मानीय संजय भूषण पाण्डेय जिला पंचायत अध्यक्ष जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, जेआर डहरिया डीईओ सारंगढ़ बिलाईगढ़, नरेश कुमार चौहान डीएमसी, एसएन साहू बिलाईगढ़, रेशम लाल कोशले बीईओ सारंगढ़, नरेंद्र जांगड़े बीईओ बरमकेला, लाल बाबू गुप्ता शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक सारंगढ़, महेंद्र अग्रवाल समाज सेवी, श्रीमती विभावरी सिंह ठाकुर प्राचार्य व श्रीमती विशेश्वरी गुप्ता प्राचार्य रहे। भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति तथा दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनको याद किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर शाखा प्रबंधक लाल बाबू गुप्ता ने शिक्षकों की महत्ता का बखान करते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा किया। शिक्षक अनवरत ज्ञान का दीपक जलाते हुए लोगों को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का कार्य करते है। राष्ट्र निर्माण में गुरुओं की अहम भूमिका की बात कहीं। जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के तीनों विकासखंड से सेवानिवृत्त हुए 21 शिक्षकों कन्हैया नायकए नरेंद्र नायक, जगदीश खूंटे, दिगंबर साहू, मनीराम रात्रे, बृजमोहन पटेल, खोलबहरा सिदार, धनी राम भारद्वाज, शंकर लाल साहू, जान्ती कुर्रे, अमृत निराला एवं जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों मनोज कुमार जांगड़े, गायत्री सिंह साहू, सुश्री धात्री नायक, भागवत प्रसाद साहू, सत्येन्द्र बसंत, लुदिया चौहान, एस आर अजय, हेमचंद गठतिया, अनुराज वर्मा यदुमनी चौहान पार्वती पटेल, श्रीमती प्रशंसा सिंह, सुनीता भारती, कमलेश कुमार खटकर, उषा चौहान, रामदुलार निराला महेंद्र सोनी, फकीरा यादव, सुदीप प्रधान प्राचार्य, नरेंद्र बंजारे, सत्येंद्र बसंत, अमित केशरवानी, जीवित नायक, कामता साहू, गिरिजा शंकर धीवर आदि को साल श्रीफल व पेन देकर सम्मानित किया।



### डॉ. खान ने बताए गंजेपन से बचाव के उपाय



**धरमजयगढ़।** बाल झड़ना आजकल युवाओं और मध्यम आयु वर्ग में सबसे बड़ी समस्या के रूप में सामने आ रहा है। सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ के पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. खुर्शीद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो यह समस्या गंजेपन का रूप ले सकती है। डॉ. खान ने बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि संतुलित आहार लेना, योग और ध्यान से तनाव कम करना, नियमित तेल मालिश करना, केमिकल युक्त प्रोडक्ट से बचना, व्यायाम करना और धूप व प्रदूषण से सिर की सुरक्षा करना जरूरी है। उन्होंने सलाह दी कि लोग हरी सब्जियां, दालें, दूध, अंडा और प्रोटीन युक्त आहार लें। डॉ. खान के अनुसार, घने और स्वस्थ बाल व्यक्ति की सुंदरता के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। अगर हम अपनी दिनचर्या में थोड़े बदलाव कर लें तो बाल झड़ने की समस्या से काफी हद तक बचा जा सकता है।

## आरओबी का श्रेय लेने पर ओपी ने विपक्ष की खिंचाई करते पूछा, पांच साल में क्या किया?

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया में आरओबी निर्माण पर विपक्ष द्वारा श्रेय लिए जाने एवं लगातार हो रहे धरने आंदोलनों को लेकर मंच से विधायक रायगढ़ वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विपक्ष की जमकर खिंचाई की। मुख्यमंत्री साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव की मौजूदगी में ओपी ने तीखे स्वर में कहा आर ओ बी निर्माण को लेकर तरह तरह के आरोप प्रत्यारोप सामने आ रहे है।

ओपी ने कहा बिना दोहराए खरसिया की जनता को बताना चाहता हूं कि आजादी के बाद से खरसिया में कांग्रेस का ही नेतृत्व रहा। पचहत्तर साल का समय आर ओ बी बनाने के लिए कम पड़ गया पिछले 5 साल तक कांग्रेस की सरकार रही। इन पांच सालों में आर ओ बी का काम नहीं करा पाए। विपक्ष के दावे की पोल खोलते हुए ओपी ने कहा विपक्ष का दावा है कि आर ओ बी को लेकर एस्टीमेट, डीपीआर, टी एस सर्वे का काम विपक्ष ने कराया। बजट में शामिल कराते हुए प्रशासकीय स्वीकृति दिलवाई। इस तरह कार्यवाही को हास्यास्पद बताते हुए ओपी ने कहा उनके जीवन का 13 साल प्रशासकीय सेवा में गुजरा है इस मंच के माध्यम से उन्होंने विपक्ष से बड़ा सवाल करते हुए पूछा आर ओ बी की एक ईंट पांच साल में लगी हो या एक रुपया खर्च किया हो तो खरसिया की जनता को यह बताना चाहिए। पिछले नगर पालिका चुनाव में भाजपा ने वादा किया था कि भारतीय जनता पार्टी के कमल गर्ग की भारी मतों से विजयी बनाए। भाजपा आर ओ बी बनाएगी। जनता ने हमे आशीर्वाद दिया और हमारी सरकार बनते ही यह काम शुरू होने जा रहा है। ओपी ने विपक्ष की भूमिका को सवालों को कटघरे में खड़े करते हुए पूछा विकास के लिए 5 साल कम पड़ गए। सत्ता जाते ही विकास के लिए धरना आंदोलन करने वाले जवाब दे कि सत्ता में रहते 5 सालो में विकास के लिए क्या प्रयास किए गए। खरसिया की जनता इस बात का जवाब विपक्ष से चाहती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साहू की मौजूदगी में खरसिया की जनता को विश्वास दिलाते हुए ओपी चौधरी ने कहा आने वाले दिनों में आर ओ बी का काम तेजी से शुरू होगा और इसके अलावा जब जब विकास कार्यों की आवश्यकता होगी भाजपा खरसिया की जनता के साथ खड़ी नजर आएगी भाजपा विकास के लिए कोई राजनीति नहीं करती बल्कि विकास की राजनीति करती है।



- खरसिया की सभा में मुख्यमंत्री मंत्री की उपस्थिति में विपक्ष पर जमकर बरसे ओपी चौधरी

## शिक्षा ही देश को दिशा देती है : संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

5 सितंबर शिक्षक दिवस के उपलक्ष में अशोका पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष संजय भूषण पांडे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। साथ में स्कूल के संरक्षक राजेश अग्रवाल, डायरेक्टर अजेश पुरुषोत्तम अग्रवाल स्कूल के प्राचार्य जे मिश्रा वायस प्रिंसिपल शिक्षक गढ़ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने विद्यालय के उपस्थित छात्र छात्राएं एवं शिक्षकों को शिक्षक दिवस के इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक ही देश की दशा दिशा देने वाला होता है जिस देश की शिक्षा व्यवस्था अच्छी होगी वही देश विकसित देश होगा। वही राजेश अग्रवाल ने कहा किसी स्कूल का विकास वहां के शिक्षकों पर निर्भर करता है साथ ही बच्चों को संस्कार शिक्षक ही बनाते है। पुरुषोत्तम अग्रवाल ने कहा गुरु का स्थान सबसे ऊंचा होता है और हम सब को अपने गुरु का सम्मान करना चाहिए। साथ शिक्षक दिवस के इस खास मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान भी किया गया।



## जल जीवन मिशन का संचालक शुक्ला ने किया निरीक्षण

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य जल जीवन मिशन के मिशन संचालक जितेंद्र शुक्ला द्वारा जिले के तमनार विकासखंड में संचालित मल्टी विलेज स्कीम एवं सिंगल विलेज स्कीम परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान श्री शुक्ला ने परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता एवं क्रियान्वयन की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने कार्यस्थल पर मौजूद विभागीय अधिकारियों, तकनीकी दल एवं ठेकेदारों को निर्देशित किया कि समस्त निर्माण एवं संयोजन कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ जल आपूर्ति सुचारु रूप से सुनिश्चित की जा सके। श्री शुक्ला ने निरीक्षण के दौरान परियोजनाओं की गति को और तेज करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव प्रदान किए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए एवं किसी भी स्तर पर लापरवाही या गुणवत्ता में समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। निरीक्षण उपरांत, मिशन संचालक ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टीम भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी और कहा कि जल जीवन मिशन राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता है, जिसे जनहित में समयबद्ध और प्रभावशाली रूप से पूर्ण किया जाना चाहिए। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता कमल प्रसाद कवर, अन्य विभागीय अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ एवं निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वच्छता शुभंकर को किया लोकार्पित

# अप्पू राजा सुघ्घर रायगढ़, आरुग रायगढ़ की बनेगा पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्षगांठ के अवसर पर रायगढ़ में आयोजित चक्रधर समारोह के अंतिम दिवस प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नगर निगम रायगढ़ में अभिनव पहल स्वच्छता जागरूकता के शुभंकर अप्पू राजा लोकार्पित किया। इस पहल का उद्देश्य श्सुग्घर रायगढ़, आरुग रायगढ़ की परिकल्पना को मूर्त रूप देना और शहर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करना है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, महापौर जीवर्धन चौहान सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिकगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में कहा कि रायगढ़ को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाने की दिशा में सुग्घर रायगढ़, आरुग रायगढ़ एक नया अध्याय जोड़ेगा। यह पहल न केवल स्वच्छता के लिए प्रोत्साहित करेगी, बल्कि शहरवासियों में जिम्मेदारी की भावना भी जागृत करेगी। स्वच्छता तभी स्थायी होगी, जब इसे आदत और संस्कृति का हिस्सा बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान रायगढ़ को प्रदेश के आदर्श शहरों की श्रेणी में स्थापित करने के दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

नगर निगम रायगढ़ के आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि लंबे समय से शहर में सफाई और कचरा प्रबंधन की दिशा में व्यापक अभियान चलाए जा रहे हैं। सघन सफाई व्यवस्था, नालों की सफाई, सौंदर्यीकरण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों को गति देने के सुग्घर रायगढ़, आरुग रायगढ़ पहल शुरू की गई है। विदित है कि रायगढ़ नगर निगम द्वारा शहर स्वच्छता और कचरा प्रबंधन को बेहतर करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। पिछले 10 वर्षों में जब से स्वच्छता सर्वेक्षण की शुरुआत हुई है तब से रायगढ़ नगर निगम की रैंकिंग देखें तो इस वर्ष सबसे अच्छी रैंकिंग रही है। शुभंकर अप्पू राजा की शुरुआत शहर में स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी के भाव को आगे बढ़ाने के लिए किया गया है। ताकि अगले वर्ष रायगढ़ को स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप 10 शहरों में शामिल करवाया जा सके।



**कौन है शुभंकर अप्पू राजा**

रायगढ़ जिले की पहचान हाथियों से है इससे प्रेरित होकर ही प्रतीकात्मक रूप से छोटे हाथी के स्वरूप को स्वच्छता जागरूकता के शुभंकर के रूप में चुन कर अप्पू राजा नाम दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के रजत जयंती वर्ष में नगरीय प्रशासन विभाग के स्वच्छ एवं सुंदर शहर के निर्माण के उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु सुग्घर रईगढ़ आरूग रईगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के लिए आम जनमानस को स्वच्छता के संबंध में जागरुक करने में शुभंकर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जिसका लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के कर कमलों द्वारा 5 सितंबर को चक्रधर समारोह के समापन कार्यक्रम के दौरान किया गया।

